# प्रतिवेदन



**परियोजना का नामः–** जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर में मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत अदवाणी–बेरनी मोटर मार्ग का पोखरी होते हुए विस्तार।

जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर में मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत अदवाणी–बेरनी मोटर मार्ग का पोखरी होते हुए विस्तार कार्य हेतु शासनादेश संख्या 1440/111–(2)/11–05 (प्रा0आ0)/2010 दिनांक 28 मार्च 2011 द्वारा 7.00 कि0मी0 लम्बाई के लिए प्रथम चरण हेतु रु0 88.20 लाख मात्र की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त है।

यह मार्ग बेरनी– रौन्देली मोटर मार्ग के टोलीखाल नामे तोक से लमोली ओडाडा मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु अर्थात् किमी0 5 से प्रारम्भ होता है तथा बनाली, पोखरी, क्यारका, पसर को जोड़ते हुये 4.50 किमी0 लम्बाई मे प्रस्तावित गजा तमियार तिमली ह0वा0 मार्ग से पसर डांडा मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु पर मिल जाता है। मार्ग का संरेखण अधीक्षण अभियन्ता 8वॉं वृत्त लोक निर्माण विभाग नई टिहरी के पत्रांक 3391/271सी–8/2011 दिनांक 03.06.2011 के द्वारा स्वीकृत है।

इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1050 मीटर लम्बाई मे आरक्षित वन भूमि जिसका क्षेत्रफल 0.735 हे0, 2050 मीटर लम्बाई मे सिविल सोयम भूमि जिसका क्षेत्रफल 1.435 हे0 है तथा 1400 मीटर लम्बाई मे नाप भूमि जिसका क्षेत्रफल 0.980 हे0 है, की आवश्यकता है। मार्ग की लम्बाई एवं भूमि का प्रकार बार–चार्ट मे अंकित कर संलग्न किया गया है।

इस मार्ग के नव निर्माण से क्षेत्र के समुचित विकास के साथ–साथ स्थानीय जनता लाभान्वित होगी तथा ग्राम पोखरी एवं ओडाडा को यातायात की सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। मार्ग निर्माण हेतु उक्त प्रस्तावित वन भूमि लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड को हस्तान्तरित की जानी आवश्यक एवं न्यूनतम है।

इस मार्ग का संयुक्त निरीक्षण 7.00 मीटर चौड़ाई में पेड़ों की गिनती के साथ प्रस्तुत किया गया, जिसमे कुल **138** वृक्ष आ रहे हैं, जिनमे बॉज प्रजाति के 70 वृक्ष प्रभावित हो रहे है। (संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न है।) प्रस्ताव में वनभूमि हस्तानान्तरण हेतु मार्ग की चौड़ाई 7.00 मीटर ली गयी है। मार्ग से लाभान्वित होने वाले ग्रामों की सूचि निम्न प्रकार है–

| क0सं0 | ग्राम | कोड | आवादी |
|---|---|---|---|
| 1 | पोखरी | 00435000 | 67 |
| 2 | ओडाडा | 00434900 | 459 |
| | | **योग :–** | **526** |

**मार्ग पर पड़ने वाली भूमि का विवरण निम्न प्रकार है :–**

1. **आरक्षित वन भूमि का क्षेत्रफल – 0.735 हे0 (लम्बाई 1050.00 मीटर)**
2. **सिविल सोयम भूमि का क्षेत्रफल– 1.435 हे0 (लम्बाई 2050.00 मीटर)**
3. **नाम भूमि का क्षेत्रफल – 0.980 हे0 (लम्बाई 1400.00 मीटर)**

| अपर सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
|---|---|---|
| निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 | निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 | निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 |
| नरेन्द्रनगर। | नरेन्द्रनगर। | नरेन्द्रनगर। |